पुस्तकालय

231 / 23-7-02

सत्यमेव जयते

असंशोधित

15 JUL 2002

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग १—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

(एल० ए०) 170--वीपी-- 500-- 20-2-2001--

टर्न-11: 15.7.02,
सच्चिदा ।

तारांकित प्रश्न संख्या - 1199 (क्रमशः)

श्री अब्दुल बारी सिद्दकी (मंत्री): (3) अंचल द्वारा राजगीर में सर्वेक्षण के दौरान कुल 20 होटल कार्यरत पाये गये हैं चूंकि 3 होटल निबंधित हैं एवं 5 होटल द्वारा आवेदन दिया गया है एवं शेष 12 होटलों पर बिहार विलासिता कर अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत करारोपण एवं जुर्माने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है ।

श्री श्रवण कुमार: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने स्वयं कहा कि वहां पर 20 होटल हैं जो कर देने की स्थिति में हैं । तो माननीय मंत्री जी ने जो जबाब दिया है, उसको मैं चुनौती देता हूँ चूंकि मैं स्थानीय विधायक हूँ । मैं जानता हूँ कि वहां 20 ही नहीं बल्कि 70 से ज्यादा होटलें हैं । इनके जो पदाधिकारी वहां हैं, वे मिले हुए हैं । मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि 20 होटल को विभाग ने कब चिन्हित किया ?

श्री अब्दुल बारी सिद्दकी (मंत्री): महोदय, बिहार टैक्सेसन ऑन लक्जूरी होटल एक्ट, 1988 के मुताबिक होटलों को तीन कैटेगरी में बांटा गया है जिनसे कर लेना है - पहला 50/- से 100/- रू0 तक, उनसे किराया का 3 प्रतिशत, दूसरा कैटेगरी है 100/- से 150/- रूपया जिनसे 5 प्रतिशत और तीसरा कैटेगरी 150/- रूपया से अधिक, जिनसे 7 प्रतिशत किराया का लेना है । अगर इनसे नीचेवाले होटल होंगे, जो हमारे दायरे में होंगे, उनपर कर देयत्ता नहीं बनता है । फिर भी मैंने अपने पदाधिकारियों को निदेश दिया है कि मुख्यालय स्तर से पदाधिकारियों की टीम भेजी जाय और इसको फिर से सर्वे कराकर देखा या जाय।वह सिर्फ राजगीर में नहीं है, बल्कि पूरे बिहार में ड्राईव चलाने जा रहे हैं ।

श्री श्रवण कुमार: अध्यक्ष महोदय, 20 होटल जिसके बारे में आपने कहा, कब चिन्हित किया गया , विभाग को कब जानकारी मिली ?

श्री अब्दुल बारी सिद्दकी (मंत्री): महोदय, दिसम्बर, 2001 में चिन्हित किया गया है ।

श्री श्रवण कुमार: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि इन 20 होटलों का निर्माण कब किया गया था ?

अध्यक्ष: यह प्रश्न इससे संबंधित नहीं है ।

श्री श्रवण कुमार: महोदय, यह इससे रिलेटेड है ।

अध्यक्ष: आपका उद्देश्य है कि जिन होटलों को इनके पदाधिकारी ने चिन्हित किये हैं, वे टैक्सेसन नहीं दे रहे हैं । आपने आरोप लगाया कि लोकल लेवल पर मिलाजुला

टर्न 11:15.7.02

सिन्हा ।

कर होटलों की अधिक संख्या चिन्हित होनी चाहिए । इस संबंध में माननीय मंत्री जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुख्यालय से पदाधिकारी भेजे जा रहे हैं और सिर्फ राजगीर ही नहीं बल्कि पूरे बिहार में सर्वे करायेंगे ।

श्री श्रवण कुमार: अध्यक्ष महोदय, राज्य के राजस्व की चोरी हो रही है । यदि इस तरह के प्रश्न आते हैं तो इसको दूसरे ढंग से नहीं लिया जाय ।

अध्यक्ष: आपको बिहार की जनता धन्यवाद देगी कि राजस्व वृद्धि के लिए आपने सार्थक प्रयास किया । अभी इनका होटल ठीक ~~से चिन्हित नहीं~~ हुआ है । विभाग के पदाधिकारियों ने दिसम्बर, 2001 में चिन्हित किया है ।

श्री अब्दुल बारी सिद्दकी (मंत्री): महोदय, मैं माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार का आभारी हूँ कि राजस्व संग्रह के लिए वे चिंतित हैं । वे राज्य सरकार को सहयोग करने के लिए तैयार हैं चूंकि एक तरह से यह इनका विधान-सभा क्षेत्र है ।

(क्रमशः)